**प्रेस नोट**

**दिनांक 25.06.2025**

## आगामी त्योहार मोहर्रम पर्व के दृष्टिगत पीस कमेटी की बैठक आयोजित।

आज दिनांक 25.06.2025 को श्रीमान जिलाधिकारी हमीरपुर, पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर के द्वारा आगामी त्यौहार मोहर्रम के दृष्टिगत जनपद स्तर पर पीस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक में जनपद के गणमान्य नागरिकों, धर्मगुरुओं, मस्जिदों के प्रबंधकों, ताजियादारों, पीस कमेटी सदस्यों तथा प्रशासन व पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा उपस्थितजनों से सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाए जाने की अपील की गई। उन्होंने कहा कि मुहर्रम का पर्व शांति, संयम एवं आस्था का प्रतीक है। समाज में किसी भी प्रकार की अफवाह, भ्रम या वैमनस्य को फैलने न दिया जाए। सोशल मीडिया पर विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी गई तथा अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

बैठक में निम्न बिंदुओं पर विशेष चर्चा की गई:

ताजिया जुलूसों के मार्ग का पूर्व निर्धारण एवं अनुमति।

संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी हेतु पुलिस बल की तैनाती।

ड्रोन कैमरा, सीसीटीवी एवं अन्य तकनीकी संसाधनों के माध्यम से निगरानी।

जुलूस मार्ग पर बैरिकेडिंग व ट्रैफिक व्यवस्था।

पुलिस अधीक्षक महोदया ने कहा कि प्रशासन एवं पुलिस द्वारा सभी आवश्यक तैयारियाँ सुनिश्चित की जा रही हैं। साथ ही, आम जनता से भी सहयोग की अपेक्षा की गई ताकि पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हो सके।

बैठक में अपर जिलाधिकारी हमीरपुर, अपर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर उपजिलाधिकारी हमीरपुर, समस्त क्षेत्राधिकारीगण, सहित जिला प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे।